समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना

# आवासगृहों के निर्माण की कार्यप्रगति में अपेक्षित गति लाएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने कोरबा, कोसाबाड़ी व टी.पी.नगर जोन में प्रगतिरत आवासगृहों के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण)



कोरबा 23 जून 2019–आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने निगम अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाकर निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा करें, जो कार्य अभी अप्रारंभ हैं, उन्हें त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानक के अनुरूप उपयोग में लायी जा रही है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत सबके लिए आवास योजनांतर्गत मोर जमीन–मोर मकान के तहत निगम के कोसाबाड़ी, टी.पी.नगर, कोरबा व रविशंकर शुक्ल जोन आदि क्षेत्रों में हितग्राहियों के लिए पक्के आवासगृहों का निर्माण कराया जा रहा है। आज आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने योजना के नोडल अधिकारी

ए.के. शर्मा एवं अन्य अभियंताओं को साथ में लेकर  निर्माणाधीन कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा आवासगृहों के निर्माण कार्य में तेजी लाने व निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। कोसाबाड़ी जोन में निर्मित किए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्यो की धीमी कार्यप्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होने अभियांओं को फटकार लगाई तथा कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ए.के. शर्मा ने बताया कि मोर जमीन–मोर मकान घटक के तहत वर्तमान में 118 आवासगृहों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि 126 आवासगृहों का निर्माण छत लेविल पर, 171 आवासगृहों का निर्माण लिन्टल लेविल पर एवं 219 आवासगृहों का निर्माण फाउंटेन लेविल पर प्रगति पर है। आयुक्त श्री दुबे ने अभियंताओं को कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि जिन आवासगृहों का निर्माण कार्य छत लेविल तक किया जा चुका है, उन्हें 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करें, इसी प्रकार जो आवासगृह लिन्टल लेविल तक बन चुके हैं उन्हें 20 जुलाई तक एवं जो आवासगृह फाउंटेन लेविल में है उन्हें 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने निर्मित किए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया, उन्होने अभियंताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें, कार्य की नियमित मानीटरिंग संबंधित अभियंता सुनिश्चित करें तथा यह देखें कि निर्माण कार्य में उपयोग में लायी जाने वाली निर्माण सामग्री निर्धारित मानक के अनुरूप है। उन्होने अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों द्वारा आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा रहा है, उन्हें इस हेतु प्रेरित करें तथा निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का त्वरित रूप से समाधान करते हुए निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करवाएं। निरीक्षण के दौरान योजना के नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, उप अभियंता आकाश अग्रवाल, हरिशंकर साहू, अभय मिंज, सूडा द्वारा नियुक्त सी.एल.टी.सी. रितेश राठौर, पी.एम.सी.अहसान सिद्दीकी आदि के साथ अन्य अभियंतागण उपस्थित थे।

**किया साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने विभिन्न क्षेत्रों में साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण भी किया। उन्होने पोड़ीबहार, मुड़ापार, निहारिका, घंटाघर, तुलसीनगर, टी.पी.नगर, कोरबा पुरानी बस्ती, दुरपा रोड, पावर हाउस रोड आदि क्षेत्र में स्वच्छता कार्यो का जायजा लिया तथा अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो को और  अधिक बेहतर रूप में संपादित कराएं, विशेषकर नालियों की सफाई पर खास ध्यान दें ताकि पानी की निकासी समुचित रूप से सुनिश्चित हो सके। उन्होने कहा कि सफाई कार्य के दौरान एकत्रित कचरे को स्थल से तुरंत उठवाएं एवं उनका समुचित रूप से समापन सुनिश्चित करें।